**दिनांक 30.09.2022 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में गूगल मीट के माध्यम से निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त :–**

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन पाइप पेयजल योजनाओं के प्रगति की समीक्षा बैठक दिनांक 30.09.2022 को गूगल मीट के माध्यम से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, समीक्षा बैठक मे निम्नलिखित अधिकारी / कर्मचारी उपस्थित रहें:–

1. श्री राजेश कुमार यादव, अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), हमीरपुर।
2. श्री संदेश सिंह तोमर, अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा।
3. श्री सुमित कुमार, अधिशासी अभियंता(वि0 / यॉ0), उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), चित्रकूट।
4. श्री मानवेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियंता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोबा।
5. श्री सुरेन्द्र शर्मा, डी.टी.एल., टी.पी.आई. हमीरपुर।
6. श्री अभिषेक कुमार वर्मा, प्रोजेक्ट मैनेजर, पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी), हमीरपुर।
7. श्री रामा कृष्न शुक्ल, सुपरविजन इंजीनियर, आरवी एसोसिएट्स (पी0एम0सी0), हमीरपुर।

**पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही स्त्रोत ):–**

पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत) योजना के माध्यम से कुल 148 राजस्व ग्राम लाभान्वित हैं, जिसमें विकास खण्ड मौदहा के 82 एवं विकास खण्ड सुमेरपुर के 66 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। पत्यौरा डांडा ग्राम समूह पेयजल योजना में 01 इन्टेकवेल (45 एमएलडी), 01 डब्लू.टी.पी., 10 सी.डब्लू.आर., 46 अवर जलाशय, 47940 एच.टी.सी., 908.88 वितरण प्रणाली पाइप, 306.66 किमी. राइजिंगमेन का कार्य किया जाना है। कमिशनिंग दिनांक–25.10.2022 से 31.12.2022 तक की जानी है।

**FHTC:**–डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 47940 FHTC किये जाने हैं, जिसके सापेक्ष अभी तक मात्र 13015 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है, कार्य समयान्तर्गत पूर्ण किये जाने हेतु 390 FHTC तथा 115 मानवश्रम का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किन्तु कार्यदायी एजेंसी द्वारा 92 श्रमिक लगाकर 254 MDPE पाइप का कार्य किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम उपलब्ध न होने के कारण FHTC की प्रगति धीमी है, पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए FHTC का दैनिक लक्ष्य पूर्ण करायें।

**वितरण प्रणाली:**–योजना में 908.886 किमी0 वितरण प्रणाली पाइप बिछाया जाना है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 545.04 किमी0 बिछाया जा चुका है। वितरण प्रणाली पाइप बिछाये जाने के लिए 4. 10 किमी तथा 238 श्रमिक लगाये जाने का दैनिक लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 198 मानवश्रम लगाकर मात्र 1.312 किमी0 का दैनिक लक्ष्य पूर्ण किया गया है।डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टीपीआई द्वारा अवगत कराया गया कि कार्यदायी एजेंसी द्वारा हाइड्रोटेस्टिंग नही कराई जा रही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाकर वितरण प्रणाली बिछाये जाने का दैनिक लक्ष्य पूर्ण करें तथा हाइड्रोटेस्टिंग कराये जाने के निर्देश दिये।

**राइजिंगमेन:**–डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई द्वारा बताया गया कि योजना में प्रस्तावित राइजिंगमेन 306. 366 किमी0 के सापेक्ष 285.12 किमी0 पाईप की आपूर्ति की गयी है तथा 211.27 किमी0 पाईप लाइन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण किया गया है। अवशेष राजिंगमेन बिछाये जाने के लिए 131 श्रमिकों की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष वर्तमान में कोई श्रमिक कार्यरत नही है। जनरल मैनेजर, जे.डब्लू.आई.एल. श्री सुनील भारद्वाज द्वारा आश्वासन दिया गया कि 15 अक्टूबर, 2022 तक राइजिंगमेन की शत–प्रतिशत आपूर्ति प्राप्त कर ली जायेगी। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्यदायी एजेंसी के जनरल मैनेजर को निर्देशित किया कि क्लियर वाटर राजिंगमेन की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की जाय तथा पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए अवशेष राजिंगमेन बिछाये जाने का कार्य पूर्ण करायें।

**सी0डब्लू0आर0:**–जे0डब्ल0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 10 नग सी0डब्लू0आर0 के सापेक्ष 4 नग सी0डब्लू0आर0 पर कार्य प्रगति पर है तथा 02नग सी.डब्लू.आर. का कार्य



Scanned with OKEN Scanner

पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य ससमय पूर्ण किये जाने के लिए 55 श्रमिको की आवश्यकता होगी जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा मात्र 37 मानवश्रम लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सी0डब्लू0आर0 पर आवश्यक मैनपावर लगाते हुए स्वीकृत ड्राईंग एवं डिजाइन के अनुसार कार्य कराते हुए कार्य प्रगति मे आपेक्षित तेजी लाये।

**इन्टेक वेल:**-इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम पत्योरा डांडा के पास इन्टेकवेल (45 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। इन्टेकवेल की 22 मी0 सिकिंग किया जाना था, जिसके सापेक्ष मात्र 17 मीटर की सिकिंग की कार्यवाही अब तक हुई है। कार्यदायी एजेंसी जे0डब्लू0आई0एल0 द्वारा बताया गया कि यमुना का जलस्तर अधिक होने से वर्तमान में इन्टेकवेल का कार्य बाधित है।

**डब्लू0टी0पी0:**-जे0डब्ल0आई0एल0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि डब्लू0टी0पी0 (45 एम0एल0डी0) पत्योरा डांडा का निर्माण कार्य प्रगति पर है, 85 प्रतिशत कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डब्लू0टी0पी0 का सिविल वर्क व मैकेनिकल वर्क पूर्ण कर लिया गया है, केवल इलेक्ट्रिकल वर्क किया जाना शेष है। डब्लू0टी0पी0 के अवशेष कार्यों को निर्धारित अवधि में पूर्ण किये जाने हेतु 110 श्रमिकों को लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 84 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए दिनांक-13.10.2022 तक डब्लू.टी.पी. के अवशेष कार्यों को पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:**-डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई द्वारा बताया गया कि द्वारा बताया गया कि 46 अवर जलाशयों का निर्माण किया जाना है, जिसके सापेक्ष 43 अवर जलाशयों पर कार्य प्रारम्भ किया गया है तथा 06 अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवर जलाशय के अवशेष कार्यों को ससमय पूर्ण किये जाने के लिए 300 श्रमिक लगाये जाने की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा मात्र 140 मानवश्रम लगाया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया कि पर्याप्त मानवश्रम तथा मशीनरी लगाते हुए सभी शेष अवर जलाशयों पर एक साथ कार्य शुरू कराना सुनिश्चित करें।

**हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल (सतही स्त्रोत एवं नलकूप आधारित)**

डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी.पी.आई द्वारा अवगत कराया गया कि हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना (सतही स्त्रोत एवं नलकूप) के माध्यम से कुरारा विकास खण्ड राठ, गोहाण्ड, सरीला एवं मुस्करा के 207 राजस्व ग्रामों को आच्छादित किया जाना है। हरौलीपुर सतही स्त्रोत योजनान्तर्गत 01 इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0), 01 डब्लू0टी0पी0 (8 एम0एल0डी0), 120 नग अवर जलाशय तथा 06 नग सी0डब्लू0आर0, 136 नग नलकूप, का निर्माण किया जाना है। हरौलीपुर ग्राम समूह पेयजल योजना की कमिशनिंग दिनांक-15.10.2022 से 31.12.2022 तक की जानी है।

**FHTC कनेक्शन** डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि कार्यदायी संस्था द्वारा योजना मे प्रस्तावित 63140 FHTC कनेक्शन के सापेक्ष अभी तक 60 राजस्व ग्रामों मात्र 25895 MDPE पाइप का कार्य पूर्ण किया गया है। निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण किये जाने के लिए 515 FHTC करने तथा 150 श्रमिक प्रतिदिन लगाये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा मात्र 68 श्रमिक लगाये गये है तथा 139 FHTC का कार्य पूरा किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम व मशीनरी को कार्यस्थलों पर लगाकर निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण करें।

**राइजिंगमेन:**- डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा बताया गया कि योजना मे प्रस्तावित राईजिंगमेन 91.228 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष अब तक 62.217 किमी0 पाइप की आपूर्ति कर ली गयी है एवं 62.093 किमी0 राइजिंगमेन बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। राइजिंगमेन की आपूर्ति न होने के कारण पाइप बिछाये जाने का कार्य बाधित है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 के प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि शेष राईजिंगमेन डी0आई0 पाइप की पूरी आपूर्ति अतिशीघ्र करते हुए राइजिंगमेन पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।



Scanned with OKEN Scanner

**वितरण प्रणाली:**–डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना मे प्रस्तावित वितरण प्रणाली मे 1159.653 किमी0 पाइप बिछाने हेतु कार्य किया जाना है, जिसके सापेक्ष 978.25 किमी0 पाइप बिछाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। अवशेष वितरण प्रणाली बिछाये जाने के लिए 2.51 किमी0 तथा 250 श्रमिक लगाये जाने के सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 162 श्रमिक लगाकर 1.11 किमी0 का लक्ष्य पूर्ण किया गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि विगत 03 दिनों से वही डाटा प्रस्तुत किया जा रहा है तथा वितरण प्रणाली बिछाये जाने में कोई प्रगति नही हुई है। शीघ्र मैनपावर एवं गैंग बढाते हुए स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन एवं मानक के अनुरूप पाइप बिछाने की कार्यवाही पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**इन्टेकवेल:**–इस योजना के तहत यमुना नदी, ग्राम हरौलीपुर के पास इन्टेकवेल (9 एम0एल0डी0) का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है। प्रोजेक्ट मैनेजर के द्वारा अवगत कराया गया कि इंटेकवेल का कार्य लगभग 81 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। वर्तमान में इन्टेकवेल पर कोई श्रमिक कार्यरत नही है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा पी0एन0सी0 प्रतिनिधि को निर्देशित किया कि पर्याप्त मानव श्रम लगाकर अवशेष कार्यों को पूर्ण करायें।

**डब्लू0टी0पी0:**–पी0एन0सी0 प्रतिनिधि द्वारा बताया गया कि डब्लू0टी0पी0 8 एम0एल0डी0 का हरौलीपुर मे निर्माण कार्य चालू है, डब्लू0टी0पी0 का लगभग 83 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। डब्लू0टी0पी0 के अवशेष कार्यों को पूर्ण किये जाने के लिए 75 श्रमिकों की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 74 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि डब्लू0टी0पी0 के समस्त अवयवों पर एक साथ कार्य करायें तथा विद्युत यांत्रिक सामग्री की नियमानुसार खरीद करते हुए विद्युत यांत्रिक कार्य में तेजी लाये, जिससे निर्धारित समयसीमा मे कार्य पूर्ण किया जा सके।

**सी0डब्लू0आर0:**–डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 6 नग सी0डब्लू0आर0 में 05 नग सी.डब्लू.आर. पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। 03 नग सी0डब्लू0आर0 ग्राम पुरई, रिठारी एवं हरौलीपुर मे पम्प हाउस का कार्य पूर्ण हो चुका है। अवशेष कार्य को निर्धारित अवधि में पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 25 श्रमिक के सापेक्ष 20 श्रमिक लगाये गये हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि पर्याप्त मानवश्रम लगाते हुए अवशेष कार्य पूर्ण करायें।

**अवर जलाशय:**– डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि योजना में प्रस्तावित 130 नग अवर जलाशय के सापेक्ष 107 नग अवर जलाशय का कार्य प्रगति पर है तथा 30 नग अवर जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। शेष कार्य को पूर्ण करने के लिए 300 मानवश्रम की आवश्यकता है, जिसके सापेक्ष कार्यदायी एजेंसी द्वारा 150 मावनश्रम लगाये गये हैं तथा वर्तमान में मात्र 25 अवर जलाशयों पर कार्य किया जा रहा है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा कार्य प्रगति पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि मैनपावर व मशीनरी बढ़ाकर स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप उपरोक्त अवर जलाशयों की प्रगति मे तेजी लायें तथा सभी जलाशयों पर सामान्तर रूप से कार्य करायें।

डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0 द्वारा अवगत कराया गया कि पम्प हाउस की जॉच की गई, जिसमें पाया गया कि पी0एन0सी0 द्वारा 06 पम्प हाउस का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है।

जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यदायी एजेंसियों के पास सभी कम्नोनेंट पर मानवश्रम की कमी है, जिसके आभाव में कार्य आपेक्षित नही हो पा रही है। अतः मानवश्रम एवं आवश्यक मशीनरी बढ़ाकर समय से प्रस्तावित कार्य गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करायें। रोड रेस्टोरेशन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराना सुनिश्चित करें। योजना के सभी अवयवों पर समान्तर रूप से कार्य कराये तथा दैनिक लक्ष्य को पूर्ण किया जाय। कार्यदायी फर्मो को निर्देशित किया कि वन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में प्रभावी पैरवी करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन ग्राम पंचायतों में पानी की आपूर्ति की जा रही है, पानी समितियों तथा आई0एस0ए0 के माध्यम से लोगों को पानी को बचाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये गये। पी0एम0सी0 प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि आई0एस0एस0 संस्थाओं द्वारा रैली निकालकर तथा बैठक व डूर टू डूर सम्पर्क करके लोगों को



Scanned with OKEN Scanner

जागरूक किया जा रहा है। निर्देशित किया गया कि जिन ग्रामों में पेयजल आपूर्ति सुरू कि जानी है उपजिलाधिकारी तथा अन्य गणमान्य लोगों को आमंत्रित कर योजना का प्रचार–प्रसार कराया जाय। यह पेयजल योजना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अतः इस कार्य में अधिशासी अभियन्ता/सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण, महोबा टी0पी0आई0 तथा पी0एम0सी0 व्यक्तिगत रूचि लेते हुए कार्य मानक के अनुरूप, गुणवत्तापूर्ण तथा स्वीकृत ड्राइंग डिजाइन के अनुरूप गुणवत्ता पूर्ण कार्य कराना सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।

<u>कार्यालय जिलाधिकारी, हमीरपुर।</u>

*(An ISO 9001:2015 Certified Collectorate)*

**पत्र संख्या**–764 /न0गंगे–पेय0परि0-स0बै0(2022–23) दिनांक–30 सितम्बर, 2022

**प्रतिलिपिः**–निम्नलिखित को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक महोदय, एस0डब्लू0एस0एन0, लखनऊ को सादर अवलोकनार्थ।(ई–मेल)
3. जिलाधिकारी महोदय को सादर अवलोकनार्थ।
4. मुख्य अभियन्ता(यूनिट कोआर्डिनेटर), एस0डब्लू0एस0एम0, लखनऊ। (ई–मेल द्वारा)
5. अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), महोवा/वि0/यॉ0, चित्रकूट।
6. डिस्ट्रिक्ट टीम लीडर, टी0पी0आई0, हमीरपुर।
7. सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0, हमीरपुर।
8. जनरल मैनेजर, जे.डब्लू.आई.एल.–एस.पी.एन.एल.(जेवी), हमीरपुर।
9. प्रोजक्ट मैनेजर, पी.एन.सी.–एस.पी.एम.एल.(जेवी), हमीरपुर।

30/9/2022
अपर जिलाधिकारी
(नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग)
हमीरपुर।



Scanned with OKEN Scanner